जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

02 मार्च 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (JMI) ने जामिया स्कूलों के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए संयुक्त ई-प्रॉस्पेक्टस को परीक्षा नियंत्रक, JMI की वेबसाइट- http://jmicoe.in/ पर अपलोड किया है।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (प्राइमरी सेक्शन सहित) (सेल्फ/फाइनेंस), जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सेल्फ फाइनेंस) और मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म 15 मार्च, 2023 से उपलब्ध होंगे। 300/- रुपये के आवेदन शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल, 2023 है। इन स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र http://jmicoe.in/ पर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के बालक माता केंद्रों के ऑनलाइन आवेदन पत्र भी 15 मार्च, 2023 से उपलब्ध होंगे और आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रु. 50/- के आवेदन शुल्क के साथ 13 अप्रैल, 2023 है। आवेदन पत्र (बालक माता केंद्रों में प्रवेश के लिए हार्ड कॉपी) मटिया महल, कसाबपुरा और बेरीवाला में उपलब्ध होगी और संबंधित केंद्रों पर जमा की जाएगी।

अधिक जानकारी और प्रवेश अपडेट के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट: https://www.jmi.ac.in/ देखें|

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया